भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 467 #
गुरूवार, 28 नवम्बर, 2024/7 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**देश में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान**

**467 #** **श्री राजेन्द्र गहलोत:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है, यदि हां, तो सरकार द्वारा राजस्थान राज्य और मध्य प्रदेश राज्य में किए गए कार्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा राजस्थान और मध्य प्रदेश में पर्यटन की किन संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है तथा इस संबंध में कितनी धनराशि संस्वीकृत और उपयोग की गयी है; और

(ग) राजस्थान और मध्य प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): जी हां, पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए विभिन्न बाजारों में आध्यात्मिक गंतव्यों सहित एक समग्र गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है। इन उद्देश्यों को एकीकृत विपणन और संवर्धनात्मक कार्यनीति तथा यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों और विदेश स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से आपसी तालमेल वाले अभियान के माध्यम से पूरा किया जाता है। सरकार उद्योग के विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के लगातार संपर्क में रहती है और भारत के विविध पर्यटन उत्पादों के संवर्धन के लिए उनसे सुझाव और प्रतिक्रिया लेती है।

पर्यटन मंत्रालय ने नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल (www.incredibleindia.gov.in) पर अतुल्य भारत कंटेंट हब लॉन्च किया है। अतुल्य भारत कंटेंट हब उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक व्यापक डिजिटल भंडार है, जिसे दुनिया भर में उद्योग के हितधारकों (ट्रेवल मीडिया, टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट) द्वारा आसानी से

देखा जा सकता है और जो सभी विपणन और प्रचार संबंधी प्रयासों में अतुल्य भारत के संवर्धन के लिए आवश्यक है। यह नवीकृत अतुल्य भारत डिजिटल पोर्टल एक पर्यटक-केंद्रित, वन-स्टॉप डिजिटल समाधान है, जिसे भारत आने वाले अतिथियों के लिए उनके यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन  (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक योजनाओं के तहत राजस्थान और मध्य प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पर्यटन के प्रचार और विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थाई और जिम्मेदारी युक्त पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को हाल ही में स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्य में डीपीपीएच, स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0, प्रशाद और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया हैं।

चिह्नित स्थलों पर परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा तैयार किए जाते हैं। परियोजनाओं की समीक्षा और स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है और इसे योजना दिशानिर्देशों में निर्धारित प्रक्रियाओं और आवश्यकताओं के अनुसार किया जाता है।

*****

**अनुबंध**

श्री राजेन्द्र गहलोत द्वारा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान के संबंध में दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 467 # के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि*** | **उपयोग की गई राशि** | **कार्यान्वयन एजेंसी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 | 86.31 | 86.31 | मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम |
| 2. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.02 | 72.75 | 72.75 | मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम |
| 3. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर-ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 | 89.49 | 89.49 | मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम |
| 4. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- | 93.76 | 93.59 | 93.59 | मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | केन नदी का विकास | | | | |
| 5. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 | 50.01 | 55.89 | राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) |
| 6. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 | 73.85 | 77.49 | राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) |
| 7. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ- 'चुरू (सालासर बालाजी) -जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बांधे के बालाजी)- विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर)- भरतपुर (कमान क्षेत्र)- धौलपुर (मुचकुंड)- मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 | 72.23 | 75.03 | राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) |
| 8. | राजस्थान | विरासत परिपथ | विरासत परिपथ: राजसमंद (कुंभलगढ़ | 70.61 | 66.99 | 67.04 | राजस्थान पर्यटन विकास |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2017-18 | किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था) -झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-नीलोफोर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | | | | निगम (आरटीडीसी) |

* इसमें केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि शामिल है।

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | अनुभव का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु.) | स्वीकृति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग अनुभव ज़ोन | 16.73 | 29-02-2024 |
| 2 | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव | 27.21 | 05-03-2024 |
| 3 | राजस्थान | बूंदी | आध्यात्मिक अनुभव, केशवरायपाटन | 17.37 | 29-02-2024 |

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि** | **जिला** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 | अन्नूपुर |
| 2 | | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | खांडवा |
| 3 | राजस्थान | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | अजमेर |

**पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण**

**(लाख रु. में)**

| **क्र. सं.** | **स्वीकृति वर्ष** | **राज्य** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना। | आईटीडीसी | 2315.3 | 1008.27 |
| 2 | 2014-15 | राजस्थान | अजमेर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 552.00 | 552.00 |
| 3 | 2014-15 | राजस्थान | जयपुर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 488.00 | 390.00 |
| 4 | 2019-20 | राजस्थान | चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | रेल मंत्रालय | 499.00 | 250.00 |
| 5 | 2022-23 | राजस्थान | श्री तनोट परिसर, जैसलमेर सेक्टर में सीमा पर्यटन का विकास | बीएसएफ | 1767.66 | 883.83 |
| 6 | 2023-24 | राजस्थान | नवल सागर झील, बूंदी में म्यूजिकल फाउंटेन और वाटर स्क्रीन मल्टीमीडिया आधारित प्रोजेक्शन शो की स्थापना | आईटीडीसी | 925.67 | 92.57 |

**आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार योजना के तहत सहायता प्राप्त मेलों/ महोत्सवों और पर्यटन से संबंधित कार्यक्रमों की सूची:**

**(लाख रु. में)**

| राज्य का नाम | वर्ष | मेलों और महोत्सवों के नाम | स्वीकृत राशि | जारी राशि |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 2014-15 | मेले, महोत्सव और कार्यक्रम | 33.00 | 33.00 |
| | 2015-16 | मेले और महोत्सव | 19.00 | 19.00 |
| | 2016-17 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी और जल महोत्सव, हनुवंतिया | 22.00 | 22.00 |
| | | विश्व पर्यटन दिवस समारोह (ii) शरद उत्सव, भेड़ाघाट (जबलपुर) और (iii) मांडू उत्सव | 20.00 | 20.00 |
| | 2017-18 | (i) जल महोत्सव, हनुवंतिया (ii) खजुराहो नृत्य उत्सव | 50.00 | 50.00 |
| | 2018-19 | पचमढ़ी उत्सव और जल महोत्सव | 35.00 | 35.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2019-20 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी | 10.00 | 10.00 |
| | | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 15.00 | 15.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2020-21 | बैगा ओलंपिक | 20.00 | 20.00 |
| | 2021-22 | पचमढ़ी उत्सव, पचमढ़ी | 10.00 | 10.00 |
| | | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 | 25.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| | 2022-23 | जल महोत्सव, हनुवंतिया | 25.00 | 25.00 |
| | | खजुराहो नृत्य महोत्सव | 15.00 | 15.00 |
| राजस्थान | 2014-15 | राजस्थान राज्य में मेले एवं महोत्सवों और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सीएफए | 40.00 | 40.00 |

*****